आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 रविवार 21.04.2024

मुख्य समाचारः–

– प्रदेश में भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने कल से पंद्रह जून तक सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया।

2– राज्य में लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण का चुनाव प्रचार जोरों पर–उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजनांदगांव और कोरबा में तो, वहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा ने बालोद और राजनांदगांव में ली सभाएं–तीसरे चरण के तहत कल नाम वापसी का अंतिम दिन।

3– बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया–बस्तर जिले में जवानों से भरी एक बस के पलट जाने से बारह जवान घायल।

4– चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है।

स्कूल–अवकाश

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रभाव को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने कल बाईस अप्रैल से सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश के अनुसार स्कूलों में कल से पंद्रह जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहेगा। अवकाश से शिक्षकों को अलग रखा गया है।

गौरतलब है कि पूर्व में एक मई से पंद्रह जून तक ग्रीष्मकालीन घोषित किया गया था।

लोकसभा चुनाव–प्रचार–01

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे और तीसरे चरण का चुनाव प्रचार जोरशोर से जारी है। भाजपा और कांग्रेस के साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में रैली और सभाएं कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज राजनांदगांव के कुमरदा गांव में भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय और कोरबा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर श्री योगी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में पिछड़ों, आदिवासियों और दलितों के हित में अनेक कार्य कर रही है। वहीं, कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं को आतंकवाद के नाम पर उकसाने का कार्य किया है। श्री योगी ने कहा कि जब भी अवसर मिला, कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा। इस मौके पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

वहीं, कोरबा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के मरवाही शहर में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने जनसंपर्क कर व्यापारियों और विभिन्न वर्गों के लोगों से अपने पक्ष में वोट डालने की अपील की। सुश्री पांडेय ने बरगवां और कुम्हारी में भी सभाएं कीं।

लोकसभा चुनाव–प्रचार–02

दूसरी ओर, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज बालोद जिले के हथौद में कांकेर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी बीरेश ठाकुर और राजनांदगांव के मोहद गांव में पार्टी प्रत्याशी भूपेश बघेल के समर्थन में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। इस मौके पर श्रीमती वाड्रा ने कहा कि देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने उद्योगपतियों के लिए लाखों–करोड़ों रूपये का कर्ज माफ किया है, लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया है। श्रीमती वाड्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार ने पांच सालों के दौरान लोगों की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आने पर महालक्ष्मी योजना शुरू की जाएगी। इसके तहत महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये दिया जाएगा। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस बीच, भाजपा के वरिष्ठ नेता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल बाईस अप्रैल को कांकेर में और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा लोरमी, आरंग और भिलाई में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं लेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तेईस अप्रैल को जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र के सक्ती और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के धमतरी में जनसभा को संबोधित करेंगे।

लोकसभा चुनाव–नामांकन

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत रायपुर सहित सात संसदीय क्षेत्रों में कल नाम वापसी का अंतिम दिन है। उम्मीदवार कल दोपहर तीन बजे तक अपने नाम वापस ले सकेंगे।

इससे पहले, कल नामांकन पत्रों की जांच की गई। इनमें से एक सौ सतासी उम्मीदवारों के नामांकन वैध पाए गए। जबकि, बाईस उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर दिए गए।

गौरतलब है कि प्रदेश के सात लोकसभा क्षेत्रों – रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा, जांजगीर–चांपा, रायगढ़ और कोरबा में सात मई को मतदान होगा।

माओवादी मुठभेड़

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक माओवादी मारा गया है। जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी की टीम तलाशी अभियान पर गई थी। इसी दौरान आज सुबह केशकुतुल के जंगल में पुलिस और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक माओवादी मारा गया है। मौके से हथियार, विस्फोटक और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है।

दुर्घटना–घायल

बस्तर जिले के कोडेनार थाना क्षेत्र में जवानों से भरी एक बस के अनियंत्रित होकर पलट जाने से बारह जवान घायल हो गए। इनमें से सात जवानों को मामूली चोटें आई हैं। वहीं, पांच जवानों का इलाज डिमरापाल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है, जिनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश सशस्त्र बल के जवान बस्तर संसदीय क्षेत्र में पहले चरण का लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के बाद दंतेवाड़ा से गरियाबंद जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बस बस्तर जिले के ग्राम डिलमिली के पास पलट गई।

उधर, रायगढ़ जिले के अमलीडीह गांव में एक चारपहिया वाहन के पलट जाने से बीस महिलाएं घायल हो गईं। इनमें से पंद्रह महिलाओं का इलाज घरघोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और पांच महिलाओं का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। ये सभी महिलाएं छठी कार्यक्रम में शामिल होने बहिरकेला गांव से जांजगीर जा रही थी। चारपहिया वाहन में

करीब तीस महिलाएं सवार थीं। इस बीच, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। वहीं, घरघोड़ा के एसडीएम रमेश मोर ने घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

इधर, सक्ती जिले के चरौदी गांव में ट्रेलर ने दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई। वहीं, चार अन्य लोग घायल हो गए हैं।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले में स्थित नहर में मोटरसाइकिल सवार दो युवक अनियंत्रित होकर गिर गए। इनमें से एक युवक की लाश मुनुंद गांव और दूसरे युवक की लाश धुरकोट गांव से बरामद की गई है।

अनिल टुटेजा–ईडी कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने कथित शराब घोटाला मामले में आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, पूछताछ के बाद उनके पुत्र यश टुटेजा को छोड़ दिया गया है। ईडी के अधिकारियों ने आज शाम श्री टुटेजा को कोर्ट में पेश किया।

बताया जाता है कि पिता–पुत्र को प्रदेश के एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से तीन बार समन भेजे गए थे। लेकिन, वे एसीबी के मुख्यालय में उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद ब्यूरो के अधिकारियों ने उन्हें कार्यालय बुलाकर पूछताछ की। ईओडब्ल्यू ने अनिल टुटेजा पर कथित शराब घोटाला मामले में केस दर्ज किया है।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कड़ी में रायपुर के सुभाष स्टेडियम में अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कल फाइनल मैच स्मार्ट सिटी और पुलिस विभाग के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस विभाग की टीम ने शानदार जीत हासिल की।

इसी तरह, रायपुर जिले के अभनपुर में मतदाता पहचान पर्ची और मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण कर लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले में 'स्वीप संध्या' का आयोजन किया गया। इस दौरान गीत–संगीत के जरिये लोगों को मतदान के महत्व के बारे में बताया गया।

इसी जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत कविता और नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी तरह, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले में स्थित डाइट के अध्यापकों और छात्र–छात्राओं ने कठपुतली नाच के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस मौके पर कठपुलियों के आकर्षक संवाद से लोगों से मतदान में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की गई।

वहीं, दुर्ग स्थित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली।

इसी जिले में नगर निगम दुर्ग की स्वच्छता दीदियां ने भी मतदाता जागरूकता के लिए कदम बढ़ाया है। उन्होंने स्वीप वालेंटियर डॉक्टर पाणिग्राही के नेतृत्व में "एक हाथ में सफाई के लिए झाड़ू तो दूसरे हाथ में मतदान जरूर करें" लिखी तख्तियां लेकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

भाजपा–प्रवेश

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के इन कार्यकर्ताओं ने कोरबा लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडे के समक्ष भाजपा में प्रवेश किया। इस मौके पर सुश्री पांडेय ने कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और कहा कि उनके प्रवेश करने से पार्टी और मजबूत होगी।

कांकेर–माओवादी पहचान

कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में बीते सोलह अप्रैल को सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की शिनाख्त कर ली गई है। इनमें से दस माओवादी मध्यप्रदेश–महाराष्ट्र–छत्तीसगढ जोनल कमेटी के बताए गए हैं। वहीं, चौदह माओवादी पीएलजीए के सदस्य बताए जाते हैं।

जिले के पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला ने बताया कि शिनाख्तगी के बाद इन माओवादियों के खिलाफ पंजीबद्ध अपराध, लंबित वारंट और घोषित इनाम के बारे में जानकारी विभिन्न जिलों से ली जा रही है।

वहीं, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने माओवादियों से अपील की है कि वे हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की जान–माल की रक्षा के लिए माओवादियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई आगे भी की जाएगी।

गौरतलब है कि कलपर–हापाटोला के जंगल में हुई मुठभेड़ में उनतीस माओवादी मारे गए थे।

महावीर जयंती

चौबीसवें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती आज देशभर में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जा रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महावीर जयंती के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

महावीर जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ में भी जैन समुदाय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजनांदगांव जिले में आज सकल जैन समाज ने शोभायात्रा निकाली।

अशोक बिरयानी संचालक–रिमांड

रायपुर के अशोका बिरयानी रेस्टॉरेंट में दो कर्मचारियों की मौत के मामले में रायपुर जिला न्यायालय ने रेस्टॉरेंट के संचालक कृष्णकांत तिवारी को चार मई तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। गौरतलब है कि पुलिस ने इस मामले में रेस्टॉरेंट के चार कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>